**आरोप** — पंचायत में अनशन पर बैठे ग्रामीण, सरपंच-सचिव की मिलीभगत, कार्रवाई की मांग

# सड़क निर्माण के बाद लाखों के गबन का आरोप

**जमुना बदरा अनूपपुर 31 अगस्त।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सकोला में सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत क्षेत्र में करीब 3 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कराए जाने के बाद निर्माण कार्य में लाखों रुपये की अनियमितता की गई है। मामले में ग्रामीणों ने सरपंच एवं सचिव की कथित मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



### गुणवत्ता पर भी उठाए सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में कराए गए सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता और खर्च को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि शासकीय राशि का उचित उपयोग नहीं किया गया तथा निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई। ग्रामीणों द्वारा इस मामले की शिकायत अधिकारियों से लेकर जनसुनवाई तक में की जा चुकी है, लेकिन अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### कार्रवाई की मांग को लेकर अनशन

मामले को लेकर ग्राम पंचायत सकोला के ग्रामीण अब पंचायत स्तर पर अनशन पर बैठ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

### जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी कार्रवाई का इंतजार

ग्रामीणों के अनुसार मामले को लेकर समाजसेवी नरेंद्र कुमार साहू व विकास कुमार साहू द्वारा जनसुनवाई में भी शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में असंतोष है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब शिकायत प्रशासन के संज्ञान में पहुंच चुकी है।

**जनपद पंचायत के अधिकारियों पर टिकी निगाहें**

अब ग्रामीणों की निगाह जिला प्रशासन और जनपद पंचायत अनूपपुर के अधिकारियों पर टिकी हुई है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक स्थिति सामने लाने और दोषी पाए जाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अब सवाल यह है कि ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन कब जांच शुरू करता है और जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

# अस्पताल खुला, लेकिन डॉक्टर नदारद

**11 बजे तक सफाईकर्मी के भरोसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलियाबड़ी**

**कोतमा, नवभारत 31 अगस्त।** ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के शासन-प्रशासन के दावों की पोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलिया बड़ी की व्यवस्थाएं खोल रही हैं। यहां मरीजों को समय पर इलाज मिलना तो दूर, सुबह अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ तक मौजूद नहीं मिलता।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और कर्मचारी निर्धारित समय का पालन नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 5 बजे तक डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए, लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलिया बड़ी में स्थिति इसके उलट नजर आ रही है।




### अस्पताल की पूरी व्यवस्था सफाईकर्मी के भरोसे

ग्रामीणों के अनुसार सुबह 11 बजे तक न तो कोई डॉक्टर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचता है और न ही नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहता है। अस्पताल की पूरी व्यवस्था केवल सफाईकर्मी के भरोसे चलती नजर आती है। ऐसे में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

**दूर-दराज से आने वाले मरीज हो रहे परेशान**

क्षेत्र के दूरस्थ गांवों से मरीज इलाज की उम्मीद लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं, लेकिन समय पर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी नहीं मिलने से उन्हें निराश लौटना पड़ता है। गंभीर मरीजों को मजबूरी में निजी क्लिनिकों का सहारा लेना पड़ता है या फिर लंबी दूरी तय कर जिला अस्पताल जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही का सबसे ज्यादा खामियाजा गरीब और ग्रामीण परिवारों को भुगतना पड़ रहा है।

# एक ही स्थान पर मिल रही 5 सुविधाएं : न्यायाधीश

**वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत।** नालसा की राष्ट्रीय कार्ययोजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के तत्वावधान में 29 अगस्त को वन स्टॉप सेंटर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर माया विश्वलाल के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रावेन्द्र कुमार सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए तृतीय जिला न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया ने वन स्टॉप सेंटर की उपयोगिता और महिलाओं को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी।



### एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है

उन्होंने बताया कि संकटग्रस्त एवं पीड़ित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में एक ही स्थान पर पांच प्रमुख सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इनमें आपातकालीन बचाव एवं चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता एवं परामर्श, मनोवैज्ञानिक परामर्श तथा अस्थायी आश्रय की सुविधा शामिल है। उन्होंने बताया कि घायल अथवा पीड़ित महिला को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल चिकित्सा एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

## भारत-उज़्बेकिस्तान संसदीय प्रतिनिधिमंडल में सांसद हिमाद्री शामिल

**अनूपपुर, नवभारत 31 अगस्त।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह का चयन भारत-उज़्बेकिस्तान संसदीय मैत्री समूह के प्रतिनिधिमंडल में किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित इस प्रतिनिधिमंडल में 543 सदस्यीय लोकसभा से चुनिंदा युवा सांसदों को शामिल किया गया है, जिनमें सांसद हिमाद्री सिंह भी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल 4 से 7 सितंबर तक उज़्बेकिस्तान के चार दिवसीय दौरे पर रहेगा। इसी अवसर पर दोनों देशों के बीच संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# सीवर व्यवस्था चरमराई, ओवरफ्लो से फैली दुर्गंध

**दूषित पानी नर्मदा में मिलने की आशंका**

**अमरकंटक, नवभारत 31 अगस्त। मां नर्मदा की उद्गम स्थली और प्रदेश की प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक में सीवर व्यवस्था गंभीर अव्यवस्था का शिकार नजर आ रही है। नगर के कई प्रमुख क्षेत्रों में सीवर चैंबरों से गंदा और बदबूदार पानी बाहर निकलकर खुले में बह रहा है।**

आरोप है कि यह दूषित पानी जलधाराओं के माध्यम से आगे चलकर मां नर्मदा में मिल रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य और धार्मिक आस्था से जुड़े गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रामघाट स्थित सुलभ शौचालय के सामने बने सीवर चैंबर से लगातार दूषित पानी निकलने की शिकायत सामने आ रही है।

### श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हो रही भारी परेशानी

आसपास फैली दुर्गंध के कारण श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रामघाट पार्किंग क्षेत्र, घाट की सीढ़ियों और आसपास के मार्गों पर भी सीवर का पानी बरसाती पानी के साथ बहता दिखाई देने की बात कही जा रही है। इसी प्रकार नाका चौराहा क्षेत्र में भी सीवर लाइन के चैंबरों के ओवरफ्लो होने की स्थिति बनी हुई है।




**कोटितीर्थ घाट-कुंड मार्ग पर सीवर का पानी बाहर आया**

स्थानीय लोगों के अनुसार यह दूषित पानी वैतरणी नदी के माध्यम से आगे जाकर नर्मदा नदी में मिल सकता है। कोटितीर्थ घाट-कुंड मार्ग पर पुल के समीप भी सीवर चैंबरों से पानी निकलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। रामघाट क्षेत्र में इन दिनों धार्मिक आयोजन चल रहे हैं और आसपास भंडारे व भोजनालय भी संचालित हो रहे हैं। ऐसे में सीवर के पानी और दुर्गंध के कारण श्रद्धालुओं को असुविधा हो रही है।

**इनका कहना है**

अगर ऐसी समस्या उत्पन्न हो रही है तो हम तत्काल निरीक्षण कराएंगे।

**चैन सिंह परस्ते**
**नपाधिकारी अमरकंटक**

## एक नजर में

### वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद का चुनाव 29 सितंबर को

**कोतमा नवभारत।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा नगरीय निकायों के उप-निर्वाचन के लिए अधिकृत समय-सारणी जारी कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दिनेश श्रीवास्तव द्वारा जारी इस आदेश के तहत अनूपपुर जिले की नगर पालिका परिषद कोतमा के वार्ड क्रमांक 13 में रिक्त पार्षद पद हेतु मतदान की तिथियां व पूरी प्रक्रिया तय कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार 8 सितंबर निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, नाम-निर्देशन पत्र (नामांकन) प्राप्त करने की शुरुआत, स्थानों (सीटों) के आरक्षण की सूचना तथा मतदान केंद्रों की सूची का सुबह 10:30 बजे से प्रकाशन किया जाएगा। 15 सितंबर को नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख दोपहर 3:00 बजे तक नियत की गई है। 29 सितंबर को यदि आवश्यक हुआ, तो सुबह 7:00 से शाम 5:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

### वेंकटनगर में 5 सितम्बर से रुकेगी नर्मदा एक्सप्रेस

**अनूपपुर, नवभारत।** छत्तीसगढ़ से मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में प्रवेश करने वाला पहला रेलवे स्टेशन वेंकटनगर अब नर्मदा एक्सप्रेस के ठहराव से जुड़ जाएगा। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग और सांसद हिमाद्री सिंह के प्रयासों के बाद बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस का वेंकटनगर स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव शुरू किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस का वेंकटनगर स्टेशन पर ठहराव 5 सितम्बर से शुरू होगा। वहीं गाड़ी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 6 सितम्बर से वेंकटनगर स्टेशन पर रुकेगी। वेंकटनगर क्षेत्र के निवासी कोरोना काल के बाद से स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे थे। सांसद हिमाद्री सिंह के लगातार प्रयासों के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने नर्मदा एक्सप्रेस के प्रायोगिक ठहराव को मंजूरी दी है।



# शिक्षक अनिल कुमार सिंह हुए सेवानिवृत्त

**अनूपपुर, नवभारत।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार सिंह अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में आयोजित भव्य विदाई समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों, अधिकारियों, शिक्षकों, छात्राओं एवं परिजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौड़, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में जनजातीय आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री रामलाल रौतेल, पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू सिंह चौहान, रमेश सिंह, भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष मदन कुमार त्रिपाठी सहित शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षक साथियों ने अनिल कुमार सिंह का पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

# अंडरब्रिज से पानी निकासी की व्यवस्था में सुधार

**जलभराव की समस्या पर रेलवे ने की तत्काल कार्रवाई**

**अनूपपुर नवभारत 31 अगस्त।** बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग स्थित रेलवे अंडरब्रिज क्रमांक 60 में बारिश के दौरान तीन फीट तक पानी भरने और इसके चलते आसपास के 15-20 गांवों के ग्रामीणों को हो रही परेशानी से संबंधित खबर के प्रकाशन के बाद रेलवे प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया है। रेलवे द्वारा अंडरब्रिज में आवागमन को सुचारु बनाने तथा जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दैनिक समाचार पत्र नवभारत में प्रकाशित खबर में अंडरब्रिज क्रमांक 60 में जलभराव के कारण हर्री, बर्री, भगतबांध, सेन्दुरी, चरतरिहा, बिजौड़ी, जल्दा टोला, पसला, मयटोला, मौहरी, अमगवां, महुदा, चांदपुर, छकाड़िया सहित करीब 15 से 20 गांवों के ग्रामीणों को हो रही परेशानी को प्रमुखता से उठाया गया था।




### डस्ट और गिट्टी डालकर रास्ते को किया समतल

खबर में यह भी बताया गया था कि अंडरब्रिज में पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों को मजबूरी में रेलवे ट्रैक पार करना पड़ता है, जिससे किसी गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। समाचार के प्रकाशन के बाद रेलवे प्रशासन द्वारा मौके की स्थिति का संज्ञान लेते हुए अंडरब्रिज में आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराया गया। जलभराव से प्रभावित मार्ग पर डस्ट और गिट्टी डालकर रास्ते को समतल एवं आवागमन योग्य बनाने का प्रयास किया गया, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी कम हो सके।

# साधना सिंह आर्मो ने जीता कांस्य पदक



**अनूपपुर, नवभारत 31 अगस्त।** नोबल हायर सेकेंडरी स्कूल इंग्लिश मीडियम, जैतहरी की प्रतिभावान छात्रा साधना सिंह आर्मो ने इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया है। साधना की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे जैतहरी क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है। साधना सिंह आर्मो के पिता मानसिंह आर्मो सिंगरौली में तहसीलदार के पद पर पदस्थ हैं, जबकि उनकी माता लीलावती आर्मो जैतहरी में शिक्षिका हैं। साधना पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। वह नोबल हायर सेकेंडरी स्कूल की हेड गर्ल भी हैं और विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं में शामिल हैं। विद्यालय का नाम किया रोशन इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में साधना ने अपनी मेहनत, लगन और बेहतरीन खेल कौशल का परिचय देते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे जैतहरी क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है। साधना की उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक जफर खान, प्राचार्य शकीला खान, शिक्षक महफूज खान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# कुशवेंद्र ने जेआरएफ में लहराया परचम

**जमुना कोतमा नवभारत 31 अगस्त।** ग्राम पंचायत लतार निवासी केदारनाथ मिश्रा के छोटे पुत्र कुशवेंद्र कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर की एनईटीजेआरएफ/एनईटी परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने माता-पिता, परिवार और गांव का नाम रोशन किया है।

कुशवेंद्र ने परीक्षा में 182 अंक प्राप्त करते हुए 99.62 पर्सेंटाइल हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कुशवेंद्र कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा के छोटे भाई हैं।



### मेहनत व लगन से हासिल की उपलब्धि

साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के दम पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है उनकी सफलता ने यह साबित किया है कि मजबूत इच्छाशक्ति और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं

**शोध कार्य के दौरान मिलती है 45 हजार की फेलोशिप**

जेआरएफ के लिए चयनित होने के बाद कुशवेंद्र को शोध कार्य के दौरान हर माह लगभग 45 हजार रुपये की फेलोशिप/स्कॉलरशिप मिलने की जानकारी दी गई है, जो पीएचडी की पढ़ाई पूरी होने तक जारी रहेगी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ लतार गांव के लोगों में भी खुशी है।

## समान नागरिक संहिता पर पुनर्विचार की मांग

**अनूपपुर,नवभारत 31 अगस्त।** मध्य प्रदेश में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता को लेकर जमीयत उलेमा-ए-हिंद जिला अनूपपुर ने संवैधानिक, विधिक एवं सामाजिक आधारों का हवाला देते हुए इसके पुनर्विचार की मांग की है। संगठन की ओर से 31 अगस्त को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा गया। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने कहा कि मुस्लिम समाज संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता, मौलिक अधिकारों तथा अपनी धार्मिक एवं व्यक्तिगत मान्यताओं की रक्षा को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करा रहा है।ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 44 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यह नीति-निर्देशक तत्वों का हिस्सा है।

# गायत्री मंत्र का एक माह का अखंड अनुष्ठान प्रारंभ

**सप्त ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिदिन होगा हवन-पूजन**

**अमरकंटक नवभारत 31 अगस्त।** उत्तर तट स्थित रामघाट इन दिनों पुन: वैदिक मंत्रों की गूंज और यज्ञ की दिव्य सुगंध से भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा है। यहां दादू दयाल महाराज द्वारा रचित गायत्री मंत्र का एक माह तक चलने वाला अखंड अनुष्ठान एवं हवन-पूजन विधिवत प्रारंभ हो गया है।

यह धार्मिक आयोजन नर्मदा परिक्रमावासी संत स्वामी पूरण दास महाराज (मोनी बाबा) के सान्निध्य में संपन्न कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार स्वामी



पूरण दास जी महाराज राजस्थान के जयपुर के समीप नरैना ग्राम स्थित आश्रम सेवा ट्रस्ट से जुड़े हुए हैं। उन्होंने लगभग दस वर्ष पूर्व ओंकारेश्वर से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ की थी और तभी से वे तप, साधना एवं सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय हैं।

### महामृत्युंजय मंत्र जाप भी आयोजित किया गया था

उन्होंने इससे पूर्व श्रावण मास के दौरान प्रतिदिन वैदिक विधि-विधान से नमक-चमक स्तोत्र पाठ, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र जाप तथा यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया था। सप्त ब्राह्मणों द्वारा अखंड रूप से किए गए मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक और हवन से संपूर्ण क्षेत्र वैदिक ध्वनियों एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान रहा।

श्रावण मास अनुष्ठान की पूर्णाहुति के पश्चात अब रामघाट में दादू दयाल महाराज द्वारा रचित गायत्री मंत्र के अखंड हवन अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया है।

**मंसूबे ध्वस्त** — चोरी की वारदात टली, जागरूक नागरिक की सूझबूझ से चोरों के मंसूबों पर फिरा पानी

# दुकान का ताला तोड़ने के लिए पेट्रोल से लगाई थी आग

**कोतमा नवभारत 31 अगस्त।** नगर के पुराना फाटक रोड पर दरमियानी रात चोरी की एक सनसनीखेज वारदात होते-होते बच गई। अज्ञात बदमाशों ने एक मोटर बाईंडिंग की दुकान को निशाना बनाते हुए उसका ताला तोड़ने के लिए पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी, लेकिन एक जागरूक नागरिक की सतर्कता के कारण चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके।

जानकारी के अनुसार 30-31 अगस्त की दरमियानी रात लगभग 12:00 बजे पुराना फाटक रोड स्थित गांधी मसाला उद्योग से कुछ दूरी पर लहसुई निवासी ताजम्मुल की मोटर बाइंडिंग की दुकान में चोरों ने धावा बोला। बदमाशों ने दुकान का ताला तोड़ने की नीयत से उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।



### अनिल को ताले से उठती आग की लपटें दिखीं

इसी दौरान, स्टेशन चौक से अपने घर तहसील रोड की ओर जा रहे नगर के सम्मानित एवं जागरूक नागरिक अनिल पोथन की नजर ताले से उठती आग की लपटों पर पड़ी। उन्होंने बिना देर किए तुरंत इस घटना की जानकारी दुकान मालिक और स्थानीय नागरिकों को दी, जिसके बाद तत्काल कोतमा पुलिस को सूचित किया गया।

### पुलिस ने पेट्रोल की एक बोतल बरामद की

सूचना मिलते ही कोतमा पुलिस महज 10 मिनट के भीतर दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जब ताले की जांच की, तो उसमें से पेट्रोल की तेज गंध आ रही थी और ताला अत्यधिक गर्म था, जिससे साफ था कि पुलिस के पहुंचने से कुछ ही क्षण पहले ही आग लगाई गई थी। घटना स्थल के पास से ही पुलिस ने पेट्रोल की एक बोतल भी बरामद की है।

**कीमती तांबे के तारों पर थी चोरों की नजर**

आशंका जताई जा रही है कि दुकान मोटर बाइंडिंग की होने के कारण चोरों की नजर अंदर रखे कीमती तांबे के तारों (कॉपर वायर) पर थी। गनीमत रही कि अनिल पोथन की सतर्कता से समय रहते आग देख ली गई, जिससे न सिर्फ दुकान में रखी कीमती सामग्री सुरक्षित बच गई, बल्कि एक बड़ा हादसा भी टल गया।

**नाम सुधार संबंधी सार्वजनिक सूचना**

मैं मुबारक अली अंसारी, निवासी वार्ड नं. 10, दफाई नं. 03, भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर (म.प्र.) घोषित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MUBARAK ALI दर्ज है, जबकि आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में MUBARAK ALI ANSARI दर्ज है। दोनों नाम मेरे ही हैं। अत: पासपोर्ट में सही नाम MUBARAK ALI ANSARI दर्ज कराया जाना है।

दिनांक :- 27/08/2026
स्थान :- कोतमा

**नाम सुधार संबंधी सार्वजनिक सूचना**

मैं उम्मतुनजोहरा अंसारी, पति मुबारक अली अंसारी, निवासी वार्ड नं. 10, दफाई नं. 03, भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर (म.प्र.) घोषित करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम UMMATUN JOHRA ANSARI के स्थान पर UMMATUN JOHRA दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में सही नाम UMMATUN JOHRA ANSARI है। अत: पासपोर्ट में नाम UMMATUN JOHRA ANSARI दर्ज कराया जाना है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं।

दिनांक :- 27/08/2026
स्थान :- कोतमा